


Prof. Bimal Kumar Roy

Prof. Bimal Kumar Roy is the Director of Indian Statistical Institute, an institute of national importance dedicated towards teaching and research in Statistics and its applications. He is widely recognized for his role in promoting the methodology and applications of Statistics to multifarious scientific disciplines, ranging from Chemistry to Computer Science. His pioneering role in the education and research of Cryptology in the Indian academia has led to a sustained development of indigenous manpower, and has placed India in the world map of Cryptology.

2. Born on March 7, 1959, Professor Roy received his B.Stat. and M.Stat. degrees from Indian Statistical Institute in 1978 and 1979, respectively, and his PhD in Combinatory from University of Waterloo, Canada, in 1982. He joined the Institute in 1984, has served as a Professor since 1997, as the Dean of Studies from 2006 to 2008, and as the Director since 2010. His academic contributions in Science and Engineering encompass a uniquely wide array of reputed publications and supervision experience, covering various technical areas in Statistics, Computer Science, Mathematics and Statistical Applications.

3. Prof. Roy pioneered Cryptology in Indian academia and built the most prominent Cryptology research group in India. Over a decade, the group at Indian Statistical Institute has served the Government of India through development and testing of cryptographic algorithms for agencies of national importance. He has personally served as an adviser to Special Protection Group and Police Wireless Communications for wireless security. He had been actively involved in the formulation of the Information Technology (Amendment) Bill, 2006. He founded the Cryptology Research Society of India in 2001, and started the international conference, Indocrypt, to place India in the world map of Cryptology.

4. Prof. Roy serves as the Chairman of the Steering Board of Indo-French Centre for Applied Mathematics, DST, since 2013. He is a Member of the Scientific Council, CEFIPRA, DST, and a Member of the India-Japan Science Council, DST, since 2013. Professor Roy serves as a Board Member for National Board for Higher Mathematics since 2012, and as a Member of the Technical Advisory Committee for Surveys, Reserve Bank of India, since 2007. He is a Member of UNESCO Technical Advisory Committee, Asia- Pacific, since 2009. He has been a Member of the Program Advisory Committee for Mathematical Sciences, DST, from 2007 to 2012, and a Member of the Governing Council, NSSO, Govt. of India, from 2002 to 2006.

5. Prof. Roy is the recipient of several awards and honors. He has been conferred the prestigious Teacher's Award by the Indian National Science Academy in 2014, the Reliance Platinum Jubilee Award by the National Academy of Science, India in 2007, and the IBM Faculty Award for research, teaching and initiative in Cryptology, in 2007. Professor Roy is a Fellow of the National Academy of Sciences, India, since 2010, and a Fellow of the Indian Society for Probability and Statistics, since 2014.



प्रो. बिमल कुमार रॉय

प्रो0 बिमल कुमार रॉय, भारतीय सांख्यिकी संस्थान के निदेशक हैं। यह संस्थान सांख्यिकी में शिक्षण और अनुसंधान तथा इसके अनुप्रयोग की दिशा में समर्पित राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। रसायन विज्ञान से लेकर कंप्यूटर विज्ञान तक के बहुविध वैज्ञानिक विषयों पर सांख्यिकी विधि तंत्र और अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने में आपकी भूमिका को व्यापक रूप से जाना जाता है। भारतीय शैक्षणिक जगत में क्रिप्टोलॉजी की शिक्षा देने और अनुसंधान करने में पथप्रदर्शक की आपकी भूमिका से देशी श्रमशक्ति का संपोषित विकास हुआ और क्रिप्टोलॉजी के विश्व मानचित्र में भारत का नाम हुआ।

2. आपका जन्म मार्च 07, 1959 को हुआ। आपने भारतीय सांख्यिकी संस्थान से वर्ष, 1978 और 1979 में क्रमश: सांख्यिकी स्नातक और सांख्यिकी स्नातकोत्तर की डिग्रियां प्राप्त कीं और वाटरलू विश्वविद्यालय, कनाडा से वर्ष, 1982 में कांबिनेटरी में पीएच.डी की। आपने वर्ष, 1984 में संस्थान ज्वॉइन किया और वर्ष, 1997 से प्रोफेसर के रूप में कार्य किया, वर्ष, 2006 से वर्ष, 2008 तक डीन ऑव स्टडीज़ के रूप में और वर्ष, 2010 से निदेशक के रूप में कार्य किया। विज्ञान और इंजीनियरिंग शिक्षण में आपके योगदान की सूची विशिष्ट रूप से व्यापक है, जिसमें सांख्यिकी, कंप्यूटर विज्ञान, गणित और सांख्यिकी अनुप्रयोग में विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में सुप्रसिद्ध प्रकाशन और पर्यवेक्षण अनुभव शामिल हैं।

3. आपने भारतीय शैक्षिक जगत में क्रिप्टोलॉजी का मार्ग प्रशस्त किया और भारत में सर्वाधिक लब्ध प्रतिष्ठित क्रिप्टोलॉजी अनुसंधान समूह का निर्माण किया। पिछले एक दशक के दौरान भारतीय सांख्यिकी संस्थान ने राष्ट्रीय महत्व की एजेंसियों के लिए क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिथम्स के विकास और परीक्षण के माध्यम से भारत सरकार की सेवा की है। आपने बेतार सुरक्षा के लिए स्वयं स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप और पुलिस बेतार संचार की सलाहकार के रूप में सेवा की है। आप सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) बिल, 2006 तैयार करने में सक्रिय रूप से शामिल रहे थे। आपने वर्ष, 2001 में भारतीय क्रिप्टोलॉजी अनुसंधान सोसाइटी की स्थापना की और क्रिप्टोलॉजी के विश्व मानचित्र में भारत को स्थापित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, इंडोक्रिप्ट आयोजित करने शुरू किए।

4. आप वर्ष, 2013 से इंडो-फ्रैंच सेंटर फॉर एप्लाइड मैथमैटिक्स, डीएसटी के स्टीयरिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे हैं। आप वर्ष, 2013 से साइंटिफिक काउंसिल, सी ई एफ आई पी आर ए, डी एस टी के सदस्य हैं और भारत-जापान साइंस परिषद, डी एस टी के सदस्य हैं। आपने वर्ष, 2012 से नेशनल बोर्ड फॉर हायर मैथमैटिक्स के सदस्य और वर्ष, 2007 से भारतीय रिजर्व बैंक की टेक्निकल एडवाइज़री कमेटी फॉर सर्वे के सदस्य के रूप में कार्य किया। आप वर्ष, 2009 से यूनेस्को टेक्निकल एडवाइज़री कमेटी, एशिया पैसिफिक के सदस्य हैं। आप वर्ष, 2007 से 2012 तक प्रोग्राम एडवाइज़री कमेटी फॉर मैथमैटिक्स साइंसेज़, डी एस टी के सदस्य रहे और वर्ष, 2002 से वर्ष, 2006 तक शासी परिषद एन एस एस ओ, भारत सरकार के सदस्य रहे।

5. आपको कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए। वर्ष, 2014 में भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी ने आपको प्रतिष्ठित टीचर्स पुरस्कार प्रदान किया, राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत ने वर्ष, 2007 में रिलायंस प्लेटिनम जुबली पुरस्कार और वर्ष, 2007 में क्रिप्टोलॉजी में अनुसंधान, शिक्षण और नवोन्मेष के लिए आई बी एम संकाय पुरस्कार प्रदान किया। आप वर्ष, 2010 से राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, भारत के फैलो और वर्ष, 2014 से इण्डियन सोसाइटी फॉर प्रोबैबिलिटी एंड स्टेटिस्टिक्स के फैलो हैं।